प्रेषक:

निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा,
हरियाणा, पंचकूला

सेवा में

राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारी
राज्य के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी

यादि कमांक 1/112–2024 eGov./IT Cell
दिनांक, पंचकूला 23.05.2025

**विषयः सभी कर्मचारियों का डाटा एम0आई0एस0 पोर्टल पर अपडेट करवाने बारे।**

*******

उपरोक्त विषय पर विभाग के प्रत्र दिनांक 23.05.2025 की निरन्तरता में।

आपको विभाग द्वारा प्रत्येक कर्मचारी की सही व पूर्ण जानकारी एम0आई0एस0 पोर्टल पर अपडेट करने हेतु लिखा गया था। सभी कर्मचारियों का वर्तमान कार्यस्थल व पदनाम सम्बन्धित डाटा के सत्यापन हेतु एम0आई0एस0 पोर्टल पर सभी विद्यालयों/कार्यालयों के एम0आई0एस0 लॉगिन में जरूरी प्रावधान "School Employee working status Module" के अर्न्तगत किया गया था। जिसके तहत सभी विद्यालय/कार्यालय के डी0डी0ओ0 को उनके अर्न्तगत कार्यरत सभी कर्मचारियों के लिए **"Yes"** विकल्प का चयन करके सत्यापन करना था। यदि कोई कर्मचारी उनके कार्यालय में कार्यरत नहीं है परन्तु सूची में दिखाए जा रहे है उनके लिए **"No"** विकल्प का चयन करते हुए सही कारण जैसे Joined on other post of this Department, Joined in other Department, Never Reported in School for Joining आदि भी बताना था। इसके लिए सभी मुखिया की सहायता हेतु User Manual भी साझा किया गया था। परन्तु बहुत से विद्यालयों/कार्यालयों द्वारा यह जानकारी अभी तक भरी नहीं गई है।

अतः आप सभी पुनः अनुरोध है कि आपके जिले में कार्यरत सभी डी0डी0ओ0 को जरूरी दिशा निर्देश जारी करते हुए इस कार्य को दिनांक 23.06.2025 तक पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित करें कि सत्यापन प्रक्रिया सही तथ्यों पर आधारित हों तथा किसी प्रकार की गलती या लापरवाही के लिए आप व सम्बंधित डी0डी0ओ0 स्वयं जिम्मेवार होंगे।

20/6/25
अधीक्षक (आईटी)
कृते: निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा,
हरियाणा, पंचकूला।

पृष्ठाकन कमांक– 1/112–2024 eGov./IT Cell
दिनांक, पंचकुला 20.06.2025

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रस्तुत है:

1. पी0ए0/ महानिदेशक मौलिक शिक्षा।
2. पी0एस0/ निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा।

20/6/25
अधीक्षक (आईटी)
कृते: निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा,
हरियाणा, पंचकूला।